एक नजर में

सरकार का लक्ष्य प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना करना है : प्रभारी मंत्री

आलीराजपुर । वर्तमान मध्य प्रदेश सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिला स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती संपतिया उईके की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री श्रीमती उईके ने मध्य प्रदेश सरकार के दो वर्षों के कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से आलीराजपुर जिले में बीते दो वर्षों के दौरान किए गए कार्यों का विस्तार से वाचन किया और शासन की उपलब्धियों को पत्रकारों के समक्ष रखा।इस अवसर पर पत्रकारों द्वारा जिले के विकास से संबंधित पूछे गए सवालों के उन्होंने विनम्रता पूर्वक उत्तर दिए तथा आश्वासन दिया कि आने वाले समय में जिले के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव सहयोग किया जाएगा। प्रभारी मंत्री श्रीमती उईके ने बताया कि मध्य प्रदेश सरकार का लक्ष्य प्रत्येक जिले में एक मेडिकल कॉलेज की स्थापना करना है, जिससे ग्रामीण अंचलों के बच्चों को भी डॉक्टर बनने का अवसर मिल सके। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवा डॉक्टर बनकर अपनी सेवाएं देंगे और एक स्वस्थ जिले के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रेस वार्ता के दौरान शासन की योजनाओं और भविष्य की कार्य योजनाओं पर भी प्रकाश डाला गया। इस दौरान जिले के गणमान्य पत्रकार बंधु उपस्थित थे ।

आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश पटेल का जन्मदिन मनाया

आलीराजपुर। आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी महेश पटेल का जन्मदिन आज आलीराजपुर स्थित पटेल पब्लिक ग्राउंड पर हर्षोल्लास एवं भव्य रूप से मनाया गया। इस अवसर पर कई हजार शुभचिंतक, कार्यकर्ता एवं वरिष्ठजन उपस्थित रहे।कार्यक्रम का आयोजन जोबट विधायक सेना महेश पटेल एवं युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष पुष्पराज रावत पटेल के नेतृत्व में किया गया। आयोजन की शुरुआत स्वागत एवं शुभकामनाओं के साथ हुई। उपस्थितजनों ने महेश पटेल को जन्मदिन की बधाइयाँ देते हुए उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि महेश पटेल ने आदिवासी समाज के विकास, संगठन की मजबूती एवं युवाओं के मार्गदर्शन में निरंतर उल्लेखनीय योगदान दिया है। उनके कार्य समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं।कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों, शुभचिंतकों, कार्यकर्ताओं एवं वरिष्ठजनों के लिए भोजन की समुचित व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश पटेल, जोबट विधायक सेना महेश पटेल एवं युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्री पुष्पराज रावत पटेल ने कार्यक्रम में पधारे सभी लोगों का आत्मीय स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। समारोह सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

जिला न्यायालय झाबुआ में नेशनल लोक अदालत का आयोजन

झाबुआ। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष विधि सक्सेना के मार्गदर्शन एवं संरक्षण तथा विशेष न्यायाधीश और लोक अदालत के प्रभारी अधिकारी विवेकसिंह रघुवंशी की अध्यक्षता में 13 दिसंबर, शनिवार को जिले की वर्ष-2025 की अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। एडीआर सेंटर भवन में सुबह 10.30 बजे विशेष न्यायाधीश एवं लोक अदालत के प्रभारी अधिकारी विवेकसिंह रघुवंशी एवं उपस्थित न्यायाधीशगणों द्वारा मां सरस्वतीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय अनुराग द्विवेदी, प्रथम जिला न्यायाधीश राजेन्द्रकुमार शर्मा, द्वितीय जिला न्यायाधीश सुभाष सुनहरे, मुख्य न्यायिक मजिस्टेऊट नितिनकुमार मुजाल्दा, न्यायिक मजिस्टेऊट सरोजबाला मुजाल्दा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झाबुआ सचिव शिव कुमार डावर, न्यायिक मजिस्टेऊट बलराम मीणा, जिला विधिक सहायता अधिकारी जयदेव माणिक, लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम से अधिवक्ता रूपेश शर्मा, विश्वास शाह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण, न्यायालयीन कर्मचारीगण, खंडपीठ सदस्यगण एवं पक्षकारगण उपस्थित रहे। शुभारंभ अवसर पर विशेष न्यायाधीश एवं लोक अदालत प्रभारी अधिकारी विवेकसिंह रघुवंशी ने अपने संबोधन में कहा कि लोक अदालत न्याय पाने का एक सरल, सुलभ एवं प्रभावी माध्यम है, जिसके माध्यम से आम नागरिक बिना किसी लंबी कानूनी प्रक्रिया के आपसी सहमति से अपने विवादों का समाधान करवा सकते हैं। लोक अदालत ना केवल समय और धन की बचत करती है, बल्कि आपसी सौहार्द एवं सामाजिक सद्भाव को भी सुदृढ़ बनाती है। रघुवंशी ने आगे बताया कि लोक अदालत के माध्यम से राजीनामे से प्रकरणों का निराकरण होने से उनके प्रकरण में फीस वापिस की जाती है। न्यायालयों पर बढ़ते बोझ में भी कमी आती है तथा पक्षकारों को शीघ्र न्याय मिलता है।

आवश्यकता अनुसार विकास कार्यों को प्राथमिकता देकर कार्य करें : प्रभारी मंत्री उईके

▶ जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक प्रभारी मंत्री उईके की अध्यक्षता में संपन्न

आलीराजपुर । कैबिनेट मंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं जिले की प्रभारी मंत्री संपतिया उईके की अध्यक्षता में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की शुरुआत में कलेक्टर नीतू माथुर एवं सांसद अनीता नागर सिंह चौहान द्वारा जिले की प्रभारी मंत्री संपतिया उईके का स्वागत पुष्पगुच्छ, स्थानीय कलाकार द्वारा बनाई गई पिथोरा पेंटिंग तथा राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत स्व सहायता समूह द्वारा बनाई गए मोटे अनाज से बने उत्पादों का फूड बास्केट भेंट किया।

इसके बाद प्रभारी मंत्री उईके, सांसद चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष हजरी बाई खरत,कलेक्टर माथुर एवं पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह आदि द्वारा आलीराजपुर जिले में दो वर्ष उपलब्धियों से बनी जिला विकास पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। इस दौरान प्रभारी मंत्रीउईके द्वारा सभाकक्ष में उपस्थित जिला सलाहकार समिति के सदस्यों का परिचय लिया साथ ही जिले में आए नवनियुक्त अधिकारियों का भी परिचय लिया गया।

कलेक्टर माथुर ने जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक में जिले की 2 वर्ष की उपलब्धियों से अवगत कराया गया तथा आगामी वर्ष की कार्ययोजना की विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान सभी विभाग अधिकारियों द्वारा जिले में संचालित योजनाओं के बारे में विभागवार जानकारी दी। इस दौरान प्रभारी मंत्री उईके द्वारा प्रधानमंत्री सड़क योजना से संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि जिले की समस्त ग्राम पंचायत एवं अन्य सड़कों को चिन्हित करें जहॉ अधिक आवश्यकता है उन सड़कों का निर्माण प्राथमिकता के साथ करें साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर ग्रामीणों के हित में फलिया-सडक के माध्यम से हर क्षेत्र के फलियों में निर्माण कर जिले के विकास में गति प्रदान करें ।

> इस दौरान प्रभारी मंत्री उईके ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में स्कूल ड्रॉप आउट बच्चों को पुन: स्कूल में प्रवेश दिलाया जाए , समस्त छात्रावासों में शासन द्वारा निर्धारित मूलभूत सुविधा दी जा रही है या नहीं इसके लिए प्रत्येक छात्रावास का भ्रमण करें मुख्यालय के साथ मुझे उपलब्ध भी कराए। इस दौरान उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में मिलेट् का बेहतर मार्केट बनाए इसके लिए कार्ययोजना तैयार करें साथ ही अधिक से अधिक कृषकों को जैविक खेती के माध्यम से मोटे अनाज के उत्पादन के लिए प्रेरित करें ।इस दौरान उन्होंने संयुक्त रूप से जिले के समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुऐ .

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मंत्री उईके का झाबुआ में स्वागत किया

▶ मप्र टूरिज्म मोटल में जिला भाजपा एवं भाजपा मंडल झाबुआ ने आगवानी कर किया भव्य स्वागत

झाबुआ। मप्र शासन की लोक लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मंत्री संपत्तिया उईके 12 दिसंबर, शुक्रवार शाम भोपाल से प्रस्थान कर रात्रि करीब 11.30 बजे झाबुआ पहुंची। झाबुआ पहुंचने पर किशनपुरी स्थित मप्र टूरिज्म मोटल पर उनका जिला भाजपा एवं भाजपा मंडल ने आत्मीय अभिनंदन और स्वागत किया। शुक्रवार रात मंत्री श्रीमती उइके ने मोटल पर ही भोजन कर रात्रि विश्राम किया।

13 दिसंबर, शनिवार सुबह 10 बजे टूरिज्म मोटल पर भाजपा अजजा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष कलसिंह भाबोर, भाजपा जिलाध्यक्ष भानू भूरिया, जिला उपाध्यक्ष सत्येन्द्र यादव, जिला मंत्री दीपेश बबलू सकलेचा, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष शैलेष दुबे, जिला कार्यालय मंत्री मनोहर मोदी, वरिष्ठ पार्षद पं. महेन्द्रकुमार तिवारी, भाजयुमो के प्रदेश कार्यकारिणी संजय भाबर, भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ संयोजक मनोज अरोरा, कल्याणसिंह डामोर, भाजपा मंडल अध्यक्ष अंकुर पाठक, मंडल महामंत्री जुवानसिंह गुंडिया, मंडल मंत्री स्वीट गोस्वामी एवं अजय अमरू डामोर, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष शोभा राकेश कटारा, मंडल कार्यालय मंत्री अरूण नायक, देवझिरी पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरभान गुंडिया, पवन गरवाल, विवेक अजनार, उदय बिलवाल आदि ने पहुंचकर मंत्री संपत्तिया उइके का पुष्पगुच्छ भेंटकर अभिनंदन करने के साथ झाबुआ आगमन पर आत्मीय स्वागत किया। साथ ही उनसे जिले में पीएचई विभाग से संबंधित समस्याओं से अवगत करवाने के साथ पार्टी और संगठनात्मक स्तर पर चर्चा की।

पीएचई ईई को दिए आवश्यक निर्देश

पीएचई मंत्री के झाबुआ आगमन को लेकर पीएचई विभाग के कार्यपालन यंत्री जितेन्द्र मावी एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी शुक्रवार रात मप्र टूरिज्म मोटल पहुंचे। मंत्री संपत्तियां उईके ने जिले में पीएचई विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए ईई श्री मावी को आवश्यक निर्देश भी प्रदान किए। मंत्री श्रीमती उईके ने दोपहर करीब 11 बजे झाबुआ से आलीराजपुर जिले के लिए प्रस्थान किया। मंत्री उईकें आलीराजपुर जिले की प्रभारी मंत्री होने से उन्होंने वहां जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक भी की। आलीराजपुर में प्रेसवार्ता बाद इंदौर के लिए प्रस्थान किया।

पुलिस थाना थांदला की त्वरित कार्रवाई से दो गुमशुदा बच्चे सकुशल बरामद

झाबुआ. शुक्रवार दोपहर 3-4 बजे के बीच नवापारा कस्बा, थांदला निवासी रौनक (5 वर्ष) और विष्णु (4 वर्ष) घर से लापता हो गए थे। उस समय उनके माता-पिता काम पर गए हुए थे। सूचना मिलते ही थाना थांदला की टीम ने तत्काल सर्चिंग शुरू की और सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए, उसी रात धारा 137(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस टीम की सतर्कता और त्वरित समन्वय के कारण, आज सुबह करीब 8:30 बजे दोनों बच्चों को मछली माता रोड पर सुरक्षित दस्तयाब किया गया।

श्री गौड़ी पार्श्वनाथ तीर्थ पर जन्म कल्याण महोत्सव के दूसरे दिन तप आराधना हुई आरंभ

▶ बड़ी संख्या में समाजजन ले रहे लाभ

झाबुआ। श्री गौड़ी पार्श्वनाथ तीर्थेन्द्र धाम पर प्रभु श्री पार्श्व जन्म कल्याणक का 25वां रजत महोत्सव परम् पूज्य प्रात: स्मरणीय विश्व वंदनीय दादा गुरूदेव श्रीमद् विजय राजेन्द्र सूरीश्वरजी मसा के पट्टधर तीर्थ प्रेरक पार्श्व महोत्सव के प्रेरणादाता आचार्य देवेश श्रीमद् विजय ऋषभचन्द्र सूरीश्वर मसा के पट्टधर वर्तमान गच्छधिपति आचार्य देवेश श्री हितेषचन्द्र विजयजी मसा के आज्ञानुवर्ति ज्ञानप्रेमी मुनिराज श्री पुष्पेन्द विजयजी मसा, श्री रूपेन्द विजयजी मसा, मालवा भूषण मुनिराज श्री जीतचन्द विजयजी मसा, परम विदुषी साध्वी पुष्पाश्रीजी मसा की सुशिष्या सरलमना साध्वी रत्नरेखा श्रीजी मसा आदि श्रमण-श्रमणी भगवंतों की पावनकारी निश्रा में मनाया जा रहा हैं।

पांच दिवसीय महोत्सव की विस्तृत जानकारी देते हुए श्री तीथेन्द सूरी समिति सदस्य संजयकुमार कांठी एवं महोत्सव समिति अध्यक्ष शुभम कोठारी ने बताया कि महोत्सव की शुरूवात 12 दिसंबर, शुक्रवार को मुनि भंगवत, साध्वी भगवन्त एवं श्री संघ के सदस्यों के श्री ऋषभदेव बावन जिनालय तीर्थ से श्री गौड़ीजी पार्श्वनाथ तीर्थेन्द्र धाम किशनपुरी पर मंगल प्रवेश से हुई। मंगल प्रवेश बाद साधु-साध्वी भगवंतो की पावन निश्रा में विधिकारक शैलेषभाई, बैलजी भाई ने 18 अभिषेक की धार्मिक क्रिया लाभार्थी परिवार एवं श्री संघ के सदस्यों को करवाई। अट्ठम तप और तीन दिन के एकासने के तपस्वी की धारणा दोपहर से शुरू हुई। धारणा का लाभ मोहनबाई सोहनलाल नाहर परिवार ने लिया। पांच दिवसीय महोत्सव के दूसरे दिन सुबह 9.30 बजे से मुनि भगवंत के प्रवचन बाद दोपहर में मिश्री पानी के एकासने हुए। जिसमें एकासनों के तपस्वीयों ने मात्र मिश्री पानी लेकर अपने तीन दिन के तप की शुरूआत की। एकासने करवाने का लाभ वर्धमान तप की 75वीं ओलीजी एवं द्वितीय उपधान तप निमित्त जीवनबाला, गौरव, सोनाली, अलम्य एवं वाया जैन पोरवाल परिवार ने लिया। तीर्थकर प्रभु श्री आदेश्वर भगवान की पंच कल्याणक पूजन दोपहर में हुई।

महोत्सव के तीसरे दिन होंगे कई धार्मिक आयोजन

श्री गौड़ी पार्श्वनाथ तीर्थ के ट्रस्टी कैलाशचन्द सकलेचा एवं महोत्सव समिति उपाध्यक्ष यतिन्द राठौड़ ने बताया कि पांच दिवसीय महोत्सव के महत्वपूर्ण दिन प्रभु का जन्म कल्याणक महोत्सव मनाने के साथ गुरू भगवन्त के प्रवचन तपस्वियों के खीर एकासने, साधर्मी वात्सल्य और श्री पार्श्वनाथ भगवान की पंच कल्याणक महापूजन पढ़ाई जाएगी।

ट्रैफिक पुलिस ने शहर में दो पहिया वाहनों में हेवी मॉडिफाइड साइलेंसर पर कसा शिकंजा

झाबुआ। ट्रेफिक पुलिस द्वारा शहर में तेज रफतार, तीन सवारी दो पहिया वाहनों के कारण होने वाले दुर्घटनाओं एवं हेवी सायलेंसर और पेर्शन हार्न से प्रदूषण के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक डॉ. शिवदयाल सिंह के मार्गदर्शन और निर्देशन में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जानकारी देते हुए ट्रेफिक प्रभारी कमल मिंदल ने बताया कि अभियान अंतर्गत 13 दिसंबर, शनिवार को यातायात पुलिस के अमले ने अलग-अलग टीम बनाकर शहर में विभिन्न स्थानों पर तेज रफतार दो पहिया वाहनों, तीन सवारी, बिना कागजात, हेवी मॉडिफाइड साइलेंसर एवं तेज प्रेशर हार्न वाहनों को रोककर ऐसे वाहन चालकों को समझाईश देने के साथ चालानी कार्रवाई भी की गई। अभियान के दौरान कई दो पहिया वाहनों के मॉडिफाइड सायलेंसर और पेंशर्न हार्न खुलवाकर जप्त भी किए गए। साथ ही कई दो पहिया वाहन चालकों द्वारा यातायात नियमों का पालन नहीं करने पर चालानी कार्रवाई की गई। ट्रेफिक प्रभारी श्री मिंदल ने बताया कि यातायात पुलिस द्वारा शनिवार सुबह से लेकर शाम तक चलाए गए विशेष अभियान में कुल 21 चालान बनाकर 7500 रू.का समन शुल्क वसूला गया। इस कार्रवाई में विशेष सहयोग ट्रेफिक पुलिस के एएसआई रामलाल सिंगार, आरक्षक सत्येन्द्रसिंह चौहान एवं राकेश डावर आदि का रहा।

बालिका से दुष्कर्म एवं जबरन धर्म परिवर्तन के आरोपियों के पासपोर्ट व शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई

आलीराजपुर । थाना जोबट क्षेत्र में एक बेहद गंभीर एवं .संवेदनशील घटना सामने आई थी, जिसमें एक नाबालिग आदिवासी बालिका के साथ दुष्कर्म किया गया तथा उस पर जबरन धर्म परिवर्तन का दबाव डाला गया। पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह ने इस प्रकरण में त्वरित एवं कठोर कार्रवाई करते हुए आरोपियों के विरुद्ध न केवल गिरफ्तारी सुनिश्चित की हैं साथ ही उनके पासपोर्ट एवं शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की प्रभावी पहल भी की है। घटना दिनांक 30 नवंबर 2025 को जोबट क्षेत्र में घटी, जहां मुख्य आरोपी अमजद (पिता मुबारिक हुसैन खत्री), इमरान (पिता याकूब) तथा अहमद शेख ने पीड़िता को नौकरी के प्रलोभन देकर अपने घर बुलाया। आरोपियों ने बालिका के साथ मारपीट की, जबरन धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया तथा मुख्य आरोपी अमजद ने उसके साथ दुष्कर्म की घिनौनी वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता की शिकायत पर थाना जोबट में अपराध क्रमांक 498/2025 दर्ज किया गया, जिसमें भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64(1), 127(1), 115(2), 351(2), 3(5) के साथ-साथ पॉक्सो एक्ट, मध्यप्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम तथा एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम की गंभीर धाराएं लगाई गईं। पुलिस की संवेदनशील एवं त्वरित कार्रवाई से तीनों आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

अनुसंधान के दौरान पता चला कि मुख्य आरोपी अमजद के पास शस्त्र लाइसेंस तथा अमजद व इमरान दोनों के पास पासपोर्ट थे। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए आलीराजपुर पुलिस ने आरोपियों के भागने या आगे अपराध करने की संभावना को रोकने के लिए कठोर कदम उठाया। दोनों आरोपियों के पासपोर्ट निरस्तीकरण हेतु क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, भोपाल को प्रतिवेदन प्रेषित किया गया है, जबकि मुख्य आरोपी अमजद के शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण के लिए जिला दंडाधिकारी को प्रतिवेदन भेजा गया है।

क्रिसमस पर्व को लेकर समाजजनों में जोर-शोर से चल रहीं तैयारियां

▶ कैथोलिक चर्च प्रांगण में बालक येशू की मुख्य झांकी का हो निर्माण

▶ समाज के घरों में गूंज रहे कैरोल सांग्स

झाबुआ। क्रिसमस पर्व में अब 10-12 दिन शेष है। जैसे-जैसे पर्व नजदीक आ रहा है। इसाई समाजजनों द्वारा तैयारियां भी जोर-शोर से की जा रहीं है। जिसमें घरों पर रंग-रोगन, विशेष सजावट, आंगनों में गौशालाओं का निर्माण के साथ बाजारों में भी खरीदी की जा रहीं है। बाजार में स्टार, क्रिसमस-ट्री, तोरण, मालाओं और अन्य सजावट सामग्रीयों की दुकाने सजी हुई है।

कैथोलिक डायोसिस के प्रभारी पीआरओ फा. रॉकी शाह ने बताया कि जिलेभर में क्रिसमस पर्व को लेकर समाजजनों द्वारा विशेष तैयारियां एवं उत्साह का माहौल बना हुआ है। समाजजनों द्वारा अपने घरों को सजाने के साथ कैथोलिक चर्च प्रांगण में मुख्य प्रार्थना घर पर विशेष सजावट और पूरे चर्च परिसर को रात्रि में विद्युत रोशनी से जगगम किया गया है। चर्च प्रांगण में मुख्य प्रार्थना घर के पास बालक येशू की सुंदर झांकी का निर्माण कैथोलिक चर्च प्रभारी फा. केनेडी थॉमस के नेतृत्व में समाज के युवाओं द्वारा किया जा रहा है। मुख्य स्थान पर बालक येशू के जन्म का वर्णन के साथ अलग-अलग खंड बनाकर प्रभु येशू मसीह के समाज के कल्याण के लिए दिए गए संदेशों को प्रसारित किया जाएगा। झांकी का निर्माण जोर-शोर से जारी है। 23 दिसंबर शाम तक झांकी तैयार होगी।

क्रिसमस के आगमन का संदेश दिया जा रहा-समाज के वरिष्ठजनों एवं युवाओं की टोलियां द्वारा शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में समाज के घरों पर जाकर संगीतमय कैरोल सांग्स गाए जा रहे है।

एक नजर अधिवक्ताओं ओर कर्मचारियों की मेहनत रंग लाई

लोक अदालत के आए सुखद परिणाम, दंपत्ति हुए फिर से एक

पेटलावद। मप्र उच्च न्यायालय के निर्देश पर प्रदेश की समस्त न्यायालयों में 13 दिसम्बर शनिवार को नेशनल अदालत का आयोजन किया गया। झाबुआ जिला प्रधान न्यायाधीश विधि सक्सेना के निर्देश पर पेटलावद न्यायालय में भी नेशनल लोक अदालत का आयोजन अपर जिला न्यायाधीश ओपी वोरा की अद्यक्षता ,व दोनो सिविल जज वरीष्ट खण्ड श्री सोहनलाल भगौरा, एवम श्रीमती नेहा मौर्य सोलंकी की गरिमामई उपस्थिति में सम्पन्न हुआ ।

प्रथम मामले में पेटलावद निवासी रवि पिता बुद्धिलाल कहार का बाकानेर तहसील मनावर निवासी शिवानी से घरेलू विवाद चल रहा था जबकि दोनो के दो बच्चे भी है। पूरा मामला एडीजे कोर्ट तक पहुच गया था। इस मामले में अधिवक्ता अनिल कुमार देवड़ा ने दोनो पक्षों को बेहतरीन तरीके से समझाइश देकर विवाद के निपटारे के लिये प्रेरित किया। मामले में अधिवक्ता मनीष व्यास, दुर्गेश पाटिदार,अमृतलाल वोरा, राजपाल डोढ, एडवोकेट के सराहनीय तरिके से समझाइस देते हुए दोनो के बीच राजीनामा करवाया दोनों पति पत्नी खुशी खुशी घर लौटे।

न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सोहनलाल भगोरा साहब के न्यायालय में विगत 1 वर्ष से विचाराधीन प्रकरण कृष्णा पति मोहन भूरिया विरुद्ध मोहन भूरिया के मध्य विवाद चल रहा था । आज न्यायालय के समक्ष एक दूसरे के गले मे हार माला पहनाई और भविष्य में एक साथ अच्छे से रहने का संकल्प लिया। ज्ञात हो कि दोनों ही पक्ष विगत 1 वर्ष से पृथक पृथक निवास कर रहे थे और पीठासीन अधिकारी सोहनलाल भगोरा साहब व अधिवक्ता श्री अविनाश उपाध्याय, रूपम पटवा, लक्ष्मीनारायण बैरागी, संजय भायल, प्राजकता अगाल व सुलहकर्ता सदस्य श्रीमती मीरा चौधरी के प्रयासों से दंपत्ति के मध्य विवाद समाप्त होकर दोनों ही पक्षो ने साथ रहने का निर्णय लिया गया। वही अधिवक्ता संजय राठौर कि प्रयासों से राजू राठौड़ पेटलावद ओर बाबू बारिया के बीच चल रहे चेक विवाद का निपटारा किया गया ।

एडीजे वोरा ने जीवनसाथी का महत्व बताया

दोनो ही मामलों सहित लोक अदालत को सफल बनाने में कोर्ट के सहायक लोक अभियोजन अधिकारी पीएल चौहान , रीडर-कर्मचारियों पवन पाटिदार, रमेश बसोड़, संजय शर्मा, प्रकाश भाभर,भरत मुणिया, विजय वसुनिया, रमाकांत सोनी,गेंदालाल देवड़ा,हीरालाल मुणिया, कमलेश बामनिया ,प्रकाश डामोर धुलसिह, इंद्रा चौहान, नीलम उइके, रामलाल यादव,अशोक बसोड़,चन्द्रभानसिह, माधव ,दीतीया, भेरू,भरत, ने भी महत्वपूर्ण सहयोग देकर लोक अदालत को सफल बनाया।